**PRACTICE QUESTION PAPER 1 2020-21**
**CLASS XII ECONOMICS (030)**
**MM – 80 TIME: 3 HOURS**

**सामान्य निर्देश :-**

1.इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं:

खंड अ - समष्टि अर्थशास्त्र (40 अंक)

खंड ब - भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास (40 अंक)

2. प्रश्नों के अंक प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

3. प्रश्न संख्या 1 - 10 और प्रश्न संख्या 18 - 27 (केस आधारित प्रश्नों सहित) 1 अंक के हैं। और इनमें से प्रत्येक के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए।

4. प्रश्न संख्या 7 - 10 तथा प्रश्न संख्या 24 - 27 केस आधारित प्रश्न हैं।

5. प्रश्न संख्या 11 - 12 और प्रश्न संख्या 28 - 29 तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 70 - 80 शब्दों में दीजिए।


6. प्रश्न संख्या 13 - 15 तथा प्रश्न संख्या 30 - 32 चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 - 100 शब्दों में दीजिए।

7. प्रश्न संख्या 16 - 17 तथा प्रश्न संख्या 33 - 34 छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 150 शब्दों में दीजिए।

8. उत्तर संक्षिप्त और बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।

| प्र. सं. | **खंड - अ (समष्टि अर्थशास्त्र)** | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय आय के अनुमान में कौन सा शामिल नहीं है?<br>(अ) मकान-मालिक के कब्जे वाले घरों का आरोपित किराया।<br>(ब) सेवानिवृत्ति पर पेंशन<br>(स) स्टॉक में परिवर्तन<br>(द) अनिवासी भारतीयों द्वारा प्रेषित धन | 1 |
| 2 | कौन सी मुद्रा विश्वास के कारण प्राप्तकर्ता और अदाकर्ता के बीच में विनिमय के एक माध्यम के रूप में स्वीकार की जाती है?<br>(अ) आदेश मुद्रा<br>(ब) साख मुद्रा<br>(स)) पूर्ण-काय मुद्रा<br>(द) न्यास मुद्रा | 1 |
| 3 | भारत में, सिक्के किसके द्वारा जारी किए जाते हैं:<br>(अ) भारतीय स्टेट बैंक | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ब) भारतीय रिजर्व बैंक<br>(स) शहरी विकास मंत्रालय<br>(द) वित्त मंत्रालय | 1 |
| 4 | मसाले जो भारत के निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है, इनकी कीमतों में वृद्धि चालू खाता अधिशेष में ------------- करेगी। (संकुचन / प्रसार) | 1 |
| 5 | भुगतान संतुलन के चालू खाते के घाटे का वित्तपोषण करने के लिए एक विकल्प दें जिसका उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक के पास आधिकारिक भंडार को स्थानांतरित किये बिना किया जा सकता है। | 1 |
| 6 | भारत में विदेशी निवेश के विपक्ष में एक तर्क दीजिए। | 1 |
| | निम्नलिखित समाचार रिपोर्ट पढ़ें और इसके आधार पर प्रश्न 7-10 का उत्तर दें:-<br>भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो दरों में 75 आधार अंको से कटौती करके 4.4%, सीआरआर में 100 आधार अंको की कटौती करके 3 प्रतिशत तक कमी कर दी है। साथ ही, इसने रिवर्स रेपो दर को 90 आधार अंकों तक घटा दिया है। कोरोना वाइरस के विघटनकारी बलों के कारण यह निर्णय और मौद्रिक नीति समिति (बैठक) की प्रगति में अनुबद्ध किया गया है। दास ने कहा, "नीतिगत उपाय को लगाने से यह वायरस के नकारात्मक प्रभाव को कम करेगा और स्थिति को पुनर्जीवित करेगा। आखिरकार, यह सब निर्भर करता है कि भारत ने कैसे स्थिति कासामना किया है।<br>- द इकोनॉमिक टाइम्स, 27 मार्च, 2020 | |
| 7 | RBI द्वारा रिवर्स रेपो दर में कटौती के कारण अर्थव्यवस्था में उपलब्ध समग्र तरलता में___________की संभावना है। (वृद्धि / कमी) | 1 |
| 8 | RBI द्वारा रेपो दर में कटौती से _____________ की स्थिति को ठीक करने में मदद मिलेगी। (मुद्रास्फीति / अपस्फीति) | 1 |
| 9 | नगद आरक्षित अनुपात में कमी से ___________ को बढ़ावा मिलेगा।<br>(अ) मुद्रा पूर्ति में गिरावट<br>(ब) मुद्रा पूर्ति में कोई परिवर्तन नहीं<br>(स) मुद्रा पूर्ति में वृद्धि<br>(द) सामान्य मूल्य स्तर में गिरावट | 1 |
| 10 | केन्ज के आय और रोजगार सिद्धांत के अंतर्गत एक अर्थव्यवस्था में "न्यून मांग" का प्रभाव है:<br>(अ) आय, उत्पादन, रोजगार और सामान्य मूल्य स्तर में वृद्धि।<br>(ब) आय में नाममात्र की कमी, लेकिन वास्तविक उत्पादन में कोई बदलाव नहीं।<br>(स) उत्पादन,रोजगार में कोई बदलाव नहीं लेकिन सामान्य मूल्य स्तर में वृद्धि।<br>(द) आय, उत्पादन, रोजगार और सामान्य मूल्य स्तर में कमी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | निजी वाहनों की बिक्री दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जीडीपी और कल्याण पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करें।<br>अथवा<br>सामाजिक कल्याण के निर्धारण में, उत्पादन की संरचना के बजाय उत्पादन की मात्रा मायने रखती है। समर्थन या खंडन करें। | 3 |
| 12 | सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज की तीसरी किश्त की घोषणा की है। जिसका एक प्रमुख पहल 10 प्रमुख क्षेत्रों के लिए 1.46 लाख करोड़ तक की कीमत के उत्पादन से जुड़े पहलू है। - द इंडियन एक्सप्रेस।<br>विदेशी विनिमय दर और आयातों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा और कैसे? | 3 |
| 13 | भारतीय अर्थव्यवस्था पिछली कुछ तिमाहियों से महत्वपूर्ण मंदी का अनुभव कर रही है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में, अर्थव्यवस्था छह वर्ष की सबसे न्यूनतम दर 4.7% की दर से बढ़ी है। निवेश और खपत में गिरावट आई थी और अर्थव्यवस्था को विकास पथ पर लाने के लिए कई प्रोत्साहन उपाय किये गए। नई कोरोना वायरस महामारी ने अर्थव्यवस्था में सुधार (प्रतिलाभ) को बेहद मुश्किल कर दिया है। प्रकोप ने अब मांग और पूर्ति पक्ष दोनों तत्वों पर गंभीर विघटनकारी प्रभाव पैदा करने के कारण, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौतियों को प्रस्तुत किया है जिसमें भारत की विकास गाथा को पटरी से उतारने की क्षमता है।<br>-FICCI (भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव}, मार्च20, 2020.<br>उपरोक्त समाचार रिपोर्ट में इंगित स्थिति में सुधार के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए जा सकने वाले दो उपायों बताइये और उन पर चर्चा कीजिये। | 4 |
| 14 | अर्थव्यवस्था की इस मंदी में, भारत सरकार अपने स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया आदि की तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा दे सकती हैं। स्थिति का विश्लेषण करें और जिस तरीके से ऐसा होने की संभावना है, उसे समझाएं। | 4 |
| 15 | EF अंतराल को क्या कहा जाता है? उठाये गए दो उपायों को निर्दिष्ट करें।<br><br> | 4 |

| 16 | निम्नलिखित आंकड़ों की सहायता से, "परिचालन अधिशेष" और "शुद्ध निर्यात" की गणना करें। | 6 |
|---|---|---|

| मदें | ₹(करोड़ में) |
|---|---|
| (i) मजदूरी और वेतन | 2400 |
| (ii) घरेलू आय | 4000 |
| (iii) सकल घरेलू स्थाई पूंजी निर्माण | 1000 |
| (iv) स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 400 |
| (v) निजी अंतिम उपभोग व्यय | 2000 |
| (vi) विदेश से शुद्ध कारक आय | 200 |
| (vii) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| (viii) सरकार अंतिम उपभोग व्यय | 1000 |
| (ix) स्थाई पूँजी का उपभोग | 100 |
| (x) लाभ | 500 |
| (xi) स्टॉक में परिवर्तन | 100 |

अथवा

कारण बताएं हुए समझाइये कि राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित से क्या व्यवहार किया जाता हैं?

(i) एक कंपनी द्वारा माल परिवहन के लिए ट्रक की खरीद

(ii) आयकर का भुगतान

(iii) नि: शुल्क शिक्षा प्रदान करने पर सरकार द्वारा व्यय

| 17 | (अ) कारण देते हुए निम्नलिखित को राजस्व व्यय और पूंजीगत व्यय में वर्गीकृत कीजिये।<br>(i) सरकार द्वारा स्कूल भवन का निर्माण।<br>(ii) ब्याज का भुगतान<br>(iii) सहायिकी (सब्सिडी)<br>(ब) जैसा कि कहा गया है कि 500 और 1000 रुपये के नोटों का विमुद्रीकरण अपने राजकोषीय घाटे को कम करने में सरकार की मदद करेगा। समर्थन या खंडन करे। | 6 |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ब (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)** | |
| 18 | भारत ने नई आर्थिक नीति या आर्थिक सुधारों को कब अपनाया? | 1 |
| 19 | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की हिस्सेदारी को निजी क्षेत्र को बेचना कहा जाता है -<br>(अ) आयात प्रतिस्थापन<br>(ब) विनिवेश<br>(स) कोटा<br>(द) टैरिफ | 1 |
| 20 | निम्नलिखित कथनों को पढ़ें - अभिकथन (A) तथा कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही चुने-<br><br>अभिकथन(A): भारत प्राथमिक उत्पादों का निर्यातक और ब्रिटेन में उत्पादित तैयार उपभोक्ता और पूंजीगत वस्तुओं का आयातक बन गया।<br>कारण (R) :औपनिवेशिक सरकार द्वारा उत्पादित वस्तुओं, व्यापार और सीमा-शुल्क पर लागू की गई प्रतिबंधात्मक नीतियों ने भारत के विदेशी व्यापार की संरचना, संगठन और मात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।<br><br>विकल्प;<br>(अ)अभिकथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन(A) का सही विवरण है।<br>(ब)अभिकथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन(A) का सही विवरण नहीं है।<br>(स)अभिकथन(A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(द)अभिकथन(A) गलत है लेकिन कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 21 | कॉलम II में दिए गए विकल्पों के सही क्रम को लिखकर उनका मिलान कॉलम I के संबंधित शब्दों से करें। | 1 |

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| (i) कर्वे समिति | (अ) नई HYV तकनीक अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना। |
| (ii) औद्योगिक नीति प्रस्ताव, 1956 | (ब) ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योगों का उपयोग करना। |
| (iii) आयात प्रतिस्थापन नीति | (स) विदेशी प्रतिस्पर्धा से घरेलू फर्म की रक्षा करना |
| (iv) सहायिकी (सब्सिडी) | (द) क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देने के लिए लाइसेंस |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रणाली के माध्यम से निजी क्षेत्र को विनियमित करना। | |
| | अथवा<br>निम्नलिखित कथनों को पढ़ें - अभिकथन (A) तथा कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही चुने-<br><br>अभिकथन(A): भारत हरित क्रांति की शुरुआत करने के बाद भारत कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया।<br>कारण (R): 1960 के दशक की शुरुआत में सूखे और सिंचाई सुविधाओं की कमी के कारण खाद्यान्न की कमी।<br>विकल्प;<br>(अ)अभिकथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन(A) का सही विवरण है।<br>(ब)अभिकथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन(A) का सही विवरण नहीं है।<br>(स)अभिकथन(A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(द)अभिकथन(A) गलत है लेकिन कारण (R) सत्य है। | |
| 22 | चीन ने विकास का कौनसा मॉडल अपनाया है?<br>(अ) पूंजीवाद (स) समाजवाद<br>(ब) मिश्रित (द) राज्यवाद | 1 |
| 23 | किस देश में जनसंख्या की वृद्धि दर सबसे अधिक है?<br>(अ) भारत (स) पाकिस्तान<br>(ब) चीन (द) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| | निम्नलिखित काल्पनिक केस स्टडी को ध्यान से पढ़े और उसी के आधार पर प्रश्न संख्या 24 - 27 तक उत्तर दें।<br>एक महत्वपूर्ण सबक जो COVID-19 महामारी ने नीति निर्माताओं को सिखाया है भारत में उन क्षेत्रों को अधिक गति प्रदान करना है जो संसाधनों का बेहतर आवंटन और आय असमानताओं को कम करते हैं। COVID-19 ने एक सबक यह भी सिखाया है कि संकट में आबादी कृषि क्षेत्र पर भरोसा करती है। भारत में कृषि योग्य एक बड़ी भूमि है, लेकिन कृषि क्षेत्र की अपनी संरचनात्मक समस्याएं हैं। तथापि 50 प्रतिशत गृहस्थ अभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि क्षेत्र पर निर्भर हैं। MSMEs को और अधिक प्रोत्साहन, स्वास्थ्य और शिक्षा पर उच्च सार्वजनिक व्यय और श्रम बल को अर्थव्यवस्था में एक औपचारिक कर्मचारी बनाना, कुछ मील के पत्थर हैं जिन्हें राष्ट्र को हासिल करना है। देश में किए जाने वाले आसन्न सुधारों में से एक श्रम सुधार है। भारत मे श्रम कानून पुराने हो गए हैं, और इनमें से कुछ तो पिछली शताब्दी के हैं। विनिर्माण कारोबार को छोटा रखने और रोजगार सृजन में बाधा डालने के लिए भारत के जटिल श्रम कानूनों को दोषी ठहराया गया है। जटिल कानूनों के कारण उद्योग अनौपचारिक रूप से श्रम को काम पर रखता है और वह कम मजदूरी के लिए जिम्मेदार है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | कृषि क्षेत्र में किस प्रकार की संरचनात्मक समस्याओं का सामना करना पड़ता है? | 1 |
| 25 | "अनौपचारिक क्षेत्र के बजाय औपचारिक क्षेत्र में रोजगार पैदा करना आवश्यक है।" मान्य तर्क के साथ दिए गए कथन का बचाव या खंडन करें। | 1 |
| 26 | किराए पर लिया गया श्रम .................... में आता है। (अनौपचारिक संगठन / औपचारिक संगठन) | 1 |
| 27 | MSMEs से आपका क्या अभिप्राय है? | 1 |
| 28 | आज के परिदृश्य में, प्रदूषण एक गंभीर समस्या है जिसका सामना भारत को करना पड़ रहा है। व्याख्या करें कि धारणीय विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने में पारंपरिक कार्यप्रणाली की उपयोगिता कैसे सहायक हो सकती है।<br>अथवा<br>क्या जनसंख्या वृद्धि दर हमेशा गरीबी की समस्या को बढ़ाती है? | 3 |
| 29 | जैसा कि प्रधानमंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्र में गैर-कृषि गतिविधियों को बढ़ाने का आग्रह किया। विश्लेषण करें कि कैसे यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक आय के स्रोत उत्पन्न करेगी। | 3 |
| 30 | क्या आपको लगता है कि हरित क्रांति के लाभ महत्वपूर्ण हैं लेकिन पर्याप्त नहीं हैं? चर्चा करें।<br>अथवा<br>भारत के निर्यात पर अंतर्मुखी रणनीति से बाह्यमुखी रणनीति की ओर खिसकाव के प्रभाव की चर्चा कीजिये। | 4 |
| 31 | क्या एलपीजी नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर कुछ अनुकूल प्रभाव दिखाया है?चर्चा करें। | 4 |
| 32 | “भारत, चीन और पाकिस्तान ने विभिन्न परिणामों के साथ विकास पथ पर सात दशकों से अधिक की यात्रा की है ”। दिए गए कथन की व्याख्या कीजिए। | 4 |
| 33 | (अ) क्या "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" को प्रारम्भ करने का लोगों का स्वास्थ्य के साथ कोई प्रासंगिकता है? चर्चा करें।<br>(ब) क्या राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के साथ-साथ नई शिक्षा नीति का अनुप्रयोग ,भारत में मानव पूंजी में सुधार करेगा? चर्चा करें।<br>अथवा<br>बताएं कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य। कारण दीजिये।<br>(अ) आधारभूत सुविधाएं सकारात्मक रूप से आर्थिक विकास से संबंधित हैं।<br>(ब) मानव पूंजी निर्माण जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है।<br>(स) भारत ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। | 6 |

34 दिए गए शेड्यूल का अध्ययन करें और निम्नलिखित उत्तर दें:- 6

(i) क्या कार्यबल की प्रकृति समय के साथ बदल गई है? कैसे?

(ii) यह परिवर्तन क्या दर्शाता है? इसे समझाओ।

(iii) क्या वह स्थिति श्रमिकों को अत्यधिक असुरक्षित बनाती है? कैसे?

तालिका - रोजगार स्वरूप में रुझान (क्षेत्रक अनुसार और स्थिति-अनुसार)

| मद | 1972-73 | 1983-84 | 1993-94 | 1999-2000 | 2011-2012 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| प्राथमिक<br>द्वितीयक<br>सेवाएं | 74.3<br>10.9<br>14.8 | 68.6<br>11.5<br>16.9 | 64<br>16<br>20 | 60.4<br>15.8<br>23.8 | 48.9<br>24.3<br>26.8 |
| कुल | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| | | | | | |
| स्वरोजगार<br>नियमित वेतन कर्मी<br>अनियमित मजदूर | 61.4<br>15.4<br>23.2 | 57.3<br>13.8<br>28.9 | 54.6<br>13.6<br>31.8 | 52.6<br>14.6<br>32.8 | 52.0<br>18.0<br>30.0 |
| कुल | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |